
03
आजाद नगर में 1.17 करोड़ रुपए से डाली जाएगी स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04
घर का बना ताजा भोजन करें : भावना गर्ग




नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 19 जनवरी 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1442, पौष कृष्ण पक्ष द्वितीया, मूल्य, 2.00 रुपए

## पांच दिवसीय संकाय कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आयोजित में स्मार्ट बोर्ड ट्रेनिंग ट्रेनिंग द ट्रेनर्स पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

### आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में स्मार्ट बोर्ड ट्रेनिंग ट्रेनिंग द ट्रेनर्स पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ संजीव कुमार गुप्ता के वक्तव्य कार्यक्रम की रूपरेखा सांझा करने के साथ आरंभ हुआ तदुपरांत प्रथम दिन विनीत नागपाल, कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर ने संकाय को आसानी से और जल्दी से पीडीएफ प्रारूप में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करने का डिजिटल कौशल सिखाया। सत्र दिलचस्प था क्योंकि पीडीएफ फाइलों के इर्द-गिर्द घूमने वाले सभी डिजिटल बेसिक्स को मंजूरी दे दी गई थी। अगले सत्र में ज्योति शर्मा और शिल्पी गोयल, कंप्यूटर विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर ने स्मार्टबोर्ड की मूल सूत्र और सॉफ्टवेयर के उपयोग पर प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के तदुपरांत ट्रेनिंग सत्र में रखा गया प्रत्येक ट्रेनर को स्मार्ट बोर्ड पर ट्रेनिंग करने का उचित अवसर व स्थान प्राप्त कराया। एफडीपी का प्रथम दिन सभी हितधारकों के लिए एक समृद्ध अनुभव था। कार्यक्रम संयोजक डॉ संजीव गुप्ता,डॉ इनायत चौधरी और विनीत नागपाल आयोजन सचिव की देखरेख में किया गया। कुल 70 प्रतिभागी एफडीपी का हिस्सा रहें।